दिन–सोमवार

दिनांक– 07 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए भी बढ़ी हुई दरें कल से प्रभावी होंगी।

02. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर दोहराया– जातीय जनगणना के बाद ही समाज के सभी वर्गों को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

03. भाजपा, जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने राहुल गांधी पर आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी की है। नई दरें कल से प्रभावी होंगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए भी बढ़ी हुई दरें प्रभावी होंगी। उन्होंने कहा कि तेल विपणन कंपनियों को लागत से कम मूल्य पर सिलिंडर बेचने के कारण लगभग इकतालीस हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए सरकार ने मूल्य वृद्धि का निर्णय लिया है। मूल्य वृद्धि के बाद पटना में अब रसोई गैस सिलिंडर नौ सौ एक रुपये जगह नौ सौ इक्यावन रुपये में मिलेगा। श्री पुरी ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि का निर्णय लिया है। हालांकि इस वृद्धि का उपभोक्ताओं पर कोई असर नहीं होगा।

---

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कहा है कि आज देश की पूरी व्यवस्था चंद लोगों के हाथों में सिमट गई है और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। श्री गांधी आज पटना के एस.के मेमोरियल हॉल में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने एक

बार फिर दोहराया कि जातीय जनगणना के बाद ही समाज के सभी वर्गों को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

---बाइट---

श्री गांधी ने कहा कि अपनी गलतियों से सीख लेकर कांग्रेस अब बिहार की राजनीति में पिछड़े, दलित और गरीबों को प्राथमिकता देगी।

---बाइट---

श्री गांधी ने कहा कि संविधान देश की सच्चाई का रक्षक है। उन्होंने कहा कि कहा कि संविधान में देश के सभी महापुरूषों की विचारधारा का समावेश है। इधर, सम्मेलन में भाग लेने के बाद राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में पार्टी के जिलाध्यक्षों और नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इसी दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के दो गुटों के बीच हाथापाई हो गई। इसके बाद राहुल गांधी बीस मिनट में ही बैठक खत्म कर पटना एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। इससे पहले श्री गांधी आज बेगूसराय में पलायन रोको नौकरी दो पद यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार और पार्टी नेता कन्हैया कुमार भी मौजूद थे।

---

भाजपा, जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने राहुल गांधी पर आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल में आरक्षण की क्या स्थिति थी।

---बाइट---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि पहले राहुल गांधी को अपनी पार्टी से पलायन रोकने की कोशिश करनी चाहिए।

---बाइट---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि कांग्रेस की प्रासंगिकता पूरे देश में नहीं के बराबर बची है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के दौरे का कोई लाभ पार्टी को नहीं मिलने जा रहा है।

–––बाइट–––

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राहुल गांधी जहां कहीं भी जाते हैं, अपनी पार्टी और गठबंधन को ही नुकसान पहुंचाते हैं।

–––बाइट–––

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की नेता और सांसद शांभवी ने कहा कि राहुल गांधी आम लोगों के बीच भ्रम फैलाना चाहते हैं कि संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें इसका जबाव देगी।

–––बाइट–––

इधर, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि राहुल गांधी देश के नेता हैं और आने वाले दिनों में उनका बिहार दौरा और बढ़ेगा।

–––बाइट–––

राजद ने कहा है कि राहुल गांधी के दौरे से एनडीए गठबंधन में हताशा है। पार्टी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि पूरा एनडीए राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव की जोड़ी से डरा हुआ है।

–––बाइट–––

---

आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है। इस वर्ष का विषय है– स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक स्वस्थ विश्व के निर्माण के लिए

अपनी प्रतिबद्धता की दोहराई है। अपने संदेश में, उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी और लोगों के कल्याण के विभिन्न पहलुओं में निवेश करेगी।

———बाइट———

आज आधुनिक दुनिया की जो लाइफस्टाइल है, जो नई–नई बीमारियां हम देख रहे हैं इसलिए आज निरोगी रहना जीवन के सफर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। हम भारतीय वसुधैव कुटुम्बकम और सर्वे सन्तु निरामया इस भावना से जीने वाले लोग हैं।

———————————————————————————

आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने स्वास्थ्य क्षेत्र में देश की सराहनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की भी अपील की।

———बाइट———

सभी देशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं और आज के इस दिन पर आप सबसे बस यही प्रार्थना है अपनी सेहत का ख्याल रखें। जरूरी है कि आप पोषण युक्त भोजन लें और किसी न किसी फिजिकल एक्टिविटी में आप जरूर अपने आप को इन्वोल्व करें, थोड़ा नमक कम, थोड़ा चीनी कम, थोड़ा तेल कम इस मंत्र को अपनाइए, और स्वस्थ रहिए।

———————————————————————————

सूचना और प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा है कि सरकार नई आई टी पॉलिसी के तहत युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के लिए तेजी से काम कर रही है। श्री मंटू ने आज पटना के बिस्कोमान टावर स्थित स्टार्ट अप हब में आई टी जगत, इलेक्ट्रॉनिक्स और डिजाइन से संबंधित युवा उद्यमियों को स्पेस आवंटन किया। इस अवसर पर विभागीय सचिव अभय कुमार सिंह ने कहा कि उनका विभाग स्टार्ट अप के लिए नया इको सिस्टम बनाने के लिए काम कर रहा है ।

**———बाइट———**

———————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे

की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। साथ ही कुछ जगहों पर वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। इधर, विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

---बाइट---

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने वैशाली जिले के बिदुपुर अंचल कार्यालय में तैनात डाटा इंट्री ऑपरेटर आदित्य कुमार को बारह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। वह दाखिल–खारिज के नाम पर शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था।

---

लखीसराय के अशोकधाम मंदिर में आज से तीन दिवसीय अशोकधाम महोत्सव की शुरूआत हुई। महोत्सव का उद्‌घाटन उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। महोत्सव में कई जाने–माने कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

---

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र में एक कार और मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों का जीएमसीएच, बेतिया में इलाज चल रहा है।

---

लखीसराय जिले के मनियारा जंगल में पुलिस और एसएसबी की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाकर तेरह डेटोनेटर, एक मास्केट और आठ जिंदा कारतूस समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

---

कटिहार रेल पुलिस ने रेल यात्रियों से लूट–पाट करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नशीली दवाएं भी बरामद की गई है।

---

बेगूसराय जिले के बखरी थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर तीन में एक युवती पर तेजाब से हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को मक्खाचक गांव से गिरफ्तार कर लिया है।

---

01. केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर के मूल्य में पचास रुपये की बढ़ोतरी की। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों के लिए भी बढ़ी हुई दरें कल से प्रभावी होंगी।

02. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर दोहराया– जातीय जनगणना के बाद ही समाज के सभी वर्गों को हर क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा।

03. भाजपा, जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने राहुल गांधी पर आरक्षण के नाम पर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और कटिहार समेत राज्य के उत्तरी हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना जताई।

---

समाप्त